रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन ० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 02/02/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **क्या किसी वस्तु का विस्थापन तय की गई दूरी से अधिक हो सकता है?**

**Ans**
✗ A. हां, सदैव
✗ B. हां, कभी-कभी
✗ C. केवल तभी जब वस्तु सरल रेखा में गति करती है
✓ D. नहीं, विस्थापन कभी भी दूरी से अधिक नहीं हो सकता है

**Q.2** **गोलीय लेंसों की चिह्न परिपाटी के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य नहीं हैं?**

**(i) मुख्य अक्ष के समानांतर सभी दूरियां लेंस के फोकस से मापी जाती हैं।**
**(ii) मूल-बिंदु के दाईं ओर मापी गई सभी दूरियां धनात्मक मानी जाती हैं।**
**(iii) मुख्य अक्ष के लंबवत और ऊपर मापी गई दूरियां ऋणात्मक मानी जाती हैं।**
**(iv) वस्तु हमेशा लेंस के बाईं ओर रखी जाती है।**

**Ans**
✗ A. (ii) और (iii) दोनों
✗ B. (ii) और (iv) दोनों
✗ C. (i) और (iv) दोनों
✓ D. (i) और (iii) दोनों

**Q.3** **स्थायी वातावरण में अलैंगिक जनन से क्या लाभ मिलता है?**

**Ans**
✗ A. लैंगिक विविधता
✓ B. तीव्र और एकसमान जनन
✗ C. आनुवंशिक विविधता
✗ D. नए वातावरण के अनुकूलन

**Q.4** **शक्ति का SI मात्रक वाट (W) है। कार्य-शक्ति संबंध के अनुसार, एक वाट _____________ के बराबर होता है।**

**Ans**
✓ A. 1 जूल प्रति सेकंड (1 J/s)
✗ B. 1 न्यूटन प्रति मीटर (1 N/m)
✗ C. 1 जूल-सेकंड (1 J.s)
✗ D. एक किलोवाट-घंटा (1 kWh)

**Q.5** **एक पुष्प से दूसरे पुष्प तक पराग कण के अंतरण को क्या कहते हैं?**

**Ans**
✗ A. स्वपरागण (Self pollination)
✗ B. ऑटो परागण (Auto pollination)
✗ C. स्वकयुग्मन (Autogamy)
✓ D. पर-परागण (Cross pollination)

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प किसी परिनलिका के बाहर चुंबकीय क्षेत्र की दिशा का सही वर्णन करता है?

**Ans**
- ✗ A. सिरे से केंद्र तक
- ✗ B. दक्षिणी ध्रुव से उत्तरी ध्रुव
- ✗ C. केंद्र से सिरे तक
- ✓ D. उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव

**Q.7** दिए गए विकल्पों में से सामान्य घरेलू अपशिष्ट से संबंधित सही कथन का चयन कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. संपूर्ण अपशिष्ट अजैव-निम्नीकरणीय होता है।
- ✗ B. अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान अनिवार्य नहीं है।
- ✗ C. संपूर्ण अपशिष्ट जैव-निम्नीकरणीय होता है।
- ✓ D. अपशिष्ट में जैव-निम्नीकरणीय और अजैव-निम्नीकरणीय दोनों घटक होते हैं।

**Q.8** ट्रक और मोटरबस के टायर, कार के टायरों की तुलना में ज़्यादा चौड़े डिज़ाइन किए जाते हैं, जबकि कर्तन औज़ारों (cutting tools) और कीलों के सिरे नुकीले और छोटे होते हैं। डिज़ाइन में यह अंतर इस सिद्धांत को दर्शाता है कि ___________।

**Ans**
- ✗ A. प्रणोद भ्रस्ट संपर्क क्षेत्रफल के अनुक्रमानुपाती होता है
- ✓ B. समान प्रणोद छोटे क्षेत्रफल पर कार्य करते हुए अधिक दाब डालता है
- ✗ C. अधिक प्रणोद की परिणति सदैव कम दाब में होती है
- ✗ D. दाब वस्तु के द्रव्यमान के व्युत्क्रमानुपाती होता है

**Q.9** निम्नलिखित में से कौन-सी डिवाइस, ध्वनि तरंगों के बहु परावर्तन के सिद्धांत पर कार्य करती है?

**Ans**
- ✗ A. थर्मामीटर
- ✗ B. माइक्रोस्कोप
- ✗ C. मेगाफोन
- ✓ D. स्टेथोस्कोप

**Q.10** बॉक्साइट से ऐलुमिनियम निष्कर्षण के लिए किस प्रक्रम का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. भर्जन के बाद अपचयन
- ✓ B. पिघले हुए ऐलुमिनियम ऑक्साइड का विद्युत अपघटन
- ✗ C. जस्ता द्वारा विस्थापन
- ✗ D. निस्तापन के बाद कार्बन अपचयन

**Q.11** निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया के परिणामस्वरूप दो समान संतति कोशिकाओं का निर्माण होता है?

**Ans**
- ✗ A. अर्धसूत्रीविभाजन
- ✓ B. समसूत्रीविभाजन
- ✗ C. निषेचन
- ✗ D. सूत्रीविभाजन के बिना कोशिका द्रव्य विभाजन

**Q.12** यदि 50 g साधारण नमक को 300 g जल में घोला जाता है, तो द्रव्यमान/द्रव्यमान प्रतिशत (mass by mass percentage) के आधार पर विलयन की सांद्रता का प्राक्कलन कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 12%
- ✓ B. 14.28%
- ✗ C. 12.22%
- ✗ D. 14%

**Q.13** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प न्यूटन के गति के तीसरे नियम को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

**Ans**
- ✓ A. एक रॉकेट जो गैसों को नीचे की ओर फेंककर ऊपर की ओर बढ़ता है।
- ✗ B. गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में गिरती हुई गेंद।
- ✗ C. एक पेंडुलम आगे-पीछे दोलन कर रहा है।
- ✗ D. इंजन की शक्ति के कारण सड़क पर तेजी से त्वरित होती कार।

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से इसकी व्याख्या करता है कि क्यों किसी तत्व के सभी परमाणुओं को एक ही प्रतीक द्वारा दर्शाया जाता है?

**Ans**
- ✔ A. क्योंकि उनके नाभिक में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है
- ✘ B. क्योंकि उनके भौतिक गुणधर्म समान होते हैं
- ✘ C. क्योंकि उनके नाभिक में न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है
- ✘ D. क्योंकि उनकी द्रव्यमान संख्याएं सदैव समान होती हैं

**Q.15** हाइड्रोकार्बन कार्बनिक यौगिकों में ____________________ तत्व होते हैं।

**Ans**
- ✔ A. हाइड्रोजन और कार्बन दोनों
- ✘ B. ऑक्सीजन
- ✘ C. कार्बन
- ✘ D. हाइड्रोजन

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक समीकरण सही रूप से संतुलित है?

**Ans**
- ✘ A. $Fe + H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + H_2$
- ✔ B. $3Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 4H_2$
- ✘ C. $2Fe + 3H_2O \rightarrow 2Fe_3O_4 + 3H_2$
- ✘ D. $3Fe + 4H_2O \rightarrow Fe_3O_4 + 2H_2$

**Q.17** निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक, जल में विलीन होने पर एक विलयन बनाता है?

**Ans**
- ✘ A. रेत
- ✔ B. सोडियम क्लोराइड
- ✘ C. तेल
- ✘ D. लोहे का बुरादा

**Q.18** कौन-सा जीव स्वस्थ जलीय पारिस्थितिकी तंत्र का प्रमुख संकेतक है?

**Ans**
- ✘ A. तिलचट्टा
- ✘ B. लाइकेन
- ✘ C. केंचुआ
- ✔ D. मछली

**Q.19** विभज्योतक ऊतक केवल विशिष्ट क्षेत्र में पाए जाते हैं। स्थिति के आधार पर, कौन-सा विभज्योतक ऊतक का प्रकार नहीं है?

**Ans**
- ✘ A. अंतर्विष्ट (Intercalary)
- ✘ B. शीर्षस्थ (Apical)
- ✔ C. आधारी (Basal)
- ✘ D. पार्श्व (Lateral)

**Q.20** सोडियम क्लोराइड के जलीय विलयन में विद्युत प्रवाहित करके सोडियम हाइड्रॉक्साइड तैयार किया जाता है। इस प्रक्रम को ____________ कहा जाता है।

**Ans**
- ✘ A. हॉल-हेरॉल्ट (Hall-Héroult)
- ✘ B. बॉर्न-हाबर (Born Haber)
- ✔ C. क्लोर-एल्कली (Chlor-alkali)
- ✘ D. डाउ (Dow's)

| | | |
|---|---|---|
| Q.21 | मादा जनन तंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?<br><br>कथन **A:** अंडा (egg), एक पतली अंडवाहिनी या डिंबवाहिनी नली के माध्यम से अंडाशय से गर्भाशय तक ले जाया जाता है।<br>कथन **B:** गर्भाशय, गर्भाशयग्रीवा के माध्यम से योनि में खुलता है। | |
| Ans | ✗ A. न तो कथन A और न ही कथन B<br>✓ B. कथन A और कथन B दोनों<br>✗ C. केवल कथन A<br>✗ D. केवल कथन B | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.22 | निम्नलिखित में से कौन-सी विस्थापन अभिक्रियाएँ संभव हैं?<br>I. $Fe_{(s)} + CuSO4_{(aq)} \rightarrow FeSO4 + Cu$<br>II. $Cu + FeSO_{4(aq)} \rightarrow CuSO_4 + Fe_{(s)}$<br>III. $Na_2SO_4 + BaCl_2 \rightarrow BaSO_4 + 2NaCl$<br>IV. $AgCl + NaNO_3 \rightarrow AgNO_3 + NaCl$ | |
| Ans | ✓ A. केवल I और III<br>✗ B. केवल I, II और III<br>✗ C. केवल I, III और IV<br>✗ D. केवल II और IV | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.23 | यदि वोल्टेज (V) स्थिर है, तो शक्ति निम्नलिखित में से किसके अनुक्रमानुपाती होगी? | |
| Ans | ✗ A. प्रतिरोध<br>✗ B. प्रतिरोध के वर्ग<br>✗ C. ऊर्जा<br>✓ D. धारा | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.24 | चिकनी अंतःप्रद्रव्यी जालिका के सही कार्य का चयन करें। | |
| Ans | ✓ A. लिपिड संश्लेषण (Lipid synthesis)<br>✗ B. प्रोटीन संश्लेषण (Protein synthesis)<br>✗ C. कार्बोहाइड्रेट संश्लेषण (Carbohydrate synthesis)<br>✗ D. न्यूक्लिक एसिड संश्लेषण (Nucleic acid synthesis) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.25 | किसी लेंस के प्रकाशिक केंद्र और उसके मुख्य फोकस के बीच की दूरी क्या कहलाती है? | |
| Ans | ✗ A. आवर्धन<br>✗ B. वक्रता त्रिज्या<br>✓ C. फोकस दूरी<br>✗ D. द्वारक | |

Section : **Mathematics**

| | | |
|---|---|---|
| Q.26 | एक क्रिकेटर का 7 पारियों में औसत 90 रन है। 8वीं पारी में उसने 176 रन बनाए। उसके औसत स्कोर में ______ की वृद्धि हुई। (अपने उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें।) | |
| Ans | ✗ A. 20<br>✗ B. 7<br>✓ C. 11<br>✗ D. 14 | |

**Q.27** दो रेखाएँ इस प्रकार खींची गई हैं कि उनके पथों को निरूपित करने वाले समीकरण : $(k-4)x + 2y = 6$ और $2x + y = 4$ हैं। यदि रेखाओं की एक दूसरे के समानांतर रचना की जानी है, तो k का कौन-सा मान यह सुनिश्चित करेगा?

**Ans**
- ✔ A. 8
- ✗ B. 10
- ✗ C. 7
- ✗ D. 6

**Q.28** ₹5,500 की राशि पर साधारण ब्याज कितना होगा, यदि पहले 4 वर्षों के लिए ब्याज दर 6% वार्षिक है तथा अंतिम 2 वर्षों के लिए 5% वार्षिक है?

**Ans**
- ✗ A. ₹1,660
- ✗ B. ₹1,750
- ✗ C. ₹1,920
- ✔ D. ₹1,870

**Q.29** एक विक्रेता ₹12,000 में एक वॉशिंग मशीन खरीदता है। वह इसे एक खुदरा विक्रेता को 10% के लाभ पर बेचता है, और खुदरा विक्रेता इसे एक ग्राहक को 15% की हानि पर बेचता है। अंतिम विक्रय मूल्य कितना है?

**Ans**
- ✗ A. ₹11,420
- ✔ B. ₹11,220
- ✗ C. ₹11,620
- ✗ D. ₹11,000

**Q.30** ईंधन की कीमत तीन क्रमागत महीनों में 10%, 50% और 10% कम हो जाती है, लेकिन चौथे महीने में 45% बढ़ जाती है। चौथे महीने में ईंधन की कीमत में उसकी मूल कीमत की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

**Ans**
- ✗ A. 42.91% की वृद्धि
- ✗ B. 46.86% की वृद्धि
- ✗ C. 44.56% की कमी
- ✔ D. 41.28% की कमी

**Q.31** एक वर्ग का परिमाप एक ऐसे वृत्त की त्रिज्या के आधे के बराबर है जिसका क्षेत्रफल 39424 $cm^2$ है। वर्ग का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।
( $\pi = \frac{22}{7}$ मानिए)

**Ans**
- ✗ A. 169 cm2
- ✔ B. 196 cm2
- ✗ C. 204 cm2
- ✗ D. 135 cm2

**Q.32** अभिषेक अपने घर से अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{4}$ चाल से चलकर अपने कार्यालय जाता है तो उसे पहुँचने में 11 मिनट का विलंब हो जाता है।
उसके द्वारा अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में लगने वाला सामान्य समय कितना लगता है?

**Ans**
- ✗ A. 32 मिनट
- ✗ B. 29 मिनट
- ✔ C. 33 मिनट
- ✗ D. 26 मिनट

**Q.33** पूर्णांक 80 वाली एक परीक्षा में, B को 50 अंक मिले जबकि A को 75 अंक मिले। B के अंक A के अंकों का कितना प्रतिशत था? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

**Ans**
- ✔ A. 66.67%
- ✗ B. 93.75%
- ✗ C. 150.46%
- ✗ D. 80.33%

**Q.34** किसी सम पंचभुज के प्रत्येक आंतरिक कोण का माप कितना होगा?

**Ans**
- ✔ A. 108°
- ✗ B. 78°
- ✗ C. 118°
- ✗ D. 128°

**Q.35** ₹13,403 को S, B और C के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके क्रमशः ₹40, ₹83 और ₹68 काट लिए जाएँ, तो उनके पास 21:11:4 के अनुपात में धनराशि बचती है। B और C के मूल शेयरों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. ₹2,584
- ✗ B. ₹2,719
- ✗ C. ₹2,519
- ✗ D. ₹2,669

**Q.36** A, बिंदु X से 9:00 AM पर निकलता है और बिंदु Y पर 1:00 PM पर पहुँचता है। B, बिंदु Y से 9:00 AM पर निकलता है और बिंदु X पर 3:00 PM पर पहुँचता है। वे किस समय पर मिलेंगे?

**Ans**
- ✗ A. 10:24 AM
- ✗ B. 12:36 PM
- ✗ C. 1:24 PM
- ✔ D. 11:24 AM

**Q.37** संख्या 8,33,525 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य नहीं है?

**Ans**
- ✗ A. 35
- ✔ B. 15
- ✗ C. 25
- ✗ D. 55

**Q.38** एक गोल खोल का आयतन ($cm^3$ में, 1 दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) कितना होगा जिसका आंतरिक और बाहरी व्यास क्रमशः 10 cm और 12 cm है?

($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 401.5
- ✗ B. 323.9
- ✔ C. 381.3
- ✗ D. 345.7

**Q.39** एक पंसारी ने अपनी वस्तुओं को क्रय मूल्य से 50% अधिक मूल्य पर अंकित किया और उन्हें X% की छूट पर बेचा। यदि उसे 35% लाभ हुआ, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 11
- ✗ B. 12
- ✔ C. 10
- ✗ D. 9

**Q.40** निम्नलिखित व्यंजक में x का मान ज्ञात कीजिए।

$$(0.49)^4 \times (0.343)^4 \div (0.2401)^4 = (7 \div 10)^{x+2}$$

**Ans**
- ✔ A. 2
- ✘ B. 1
- ✘ C. 3
- ✘ D. 4

**Q.41** एक पाइप किसी टंकी को 7 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 56 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टंकी खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी को आधा भरने में कितने मिनट लगेंगे?

**Ans**
- ✔ A. 4
- ✘ B. 5
- ✘ C. 9
- ✘ D. 8

**Q.42** यदि किसी संख्या के 20% को 66 में जोड़ा जाए, तो परिणाम वही संख्या होगी। उसी संख्या का 60% कितना है?

**Ans**
- ✘ A. 59.5
- ✘ B. 79.5
- ✔ C. 49.5
- ✘ D. 69.5

**Q.43** दो संख्याओं का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सा मॉडल सही है?

**Ans**
- ✘ A. घटाव मॉडल: दोनों संख्याओं को घटाएं और उभयनिष्ठ गुणनखंड की जांच करें।
- ✘ B. विभाजन मॉडल: उच्चतम गुणनखंड ज्ञात करने के लिए दोनों संख्याओं को एक समान संख्या से विभाजित करें।
- ✔ C. अभाज्य गुणनखंड मॉडल: दोनों संख्याओं का अभाज्य गुणनखंड ज्ञात करें, फिर न्यूनतम घातों वाले उभयनिष्ठ अभाज्य गुणनखंडों को गुणा करें।
- ✘ D. जोड़ मॉडल: दो संख्याओं को जोड़ें और योग के उभयनिष्ठ गुणनखंडों की जांच करें।

**Q.44** रेणु और कशिश की आयु का अनुपात 9:8 है। 5 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 10:9 होगा। उनकी वर्तमान आयु के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 6 वर्ष
- ✘ B. 4 वर्ष
- ✘ C. 7 वर्ष
- ✔ D. 5 वर्ष

**Q.45** यदि 75 और Z का तृतीयानुपाती 12 है, तो Z का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. 30
- ✘ B. 27
- ✘ C. 32
- ✘ D. 28

**Q.46** यदि $2x + \frac{2}{x} = 3$ है, तो $x^2 + \frac{1}{x^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $1$
- ✓ B. $\frac{1}{4}$
- ✗ C. $\frac{1}{3}$
- ✗ D. $\frac{1}{2}$

**Q.47** दो पाइप, P और Q, एक टंकी को क्रमशः 30 घंटे और 40 घंटे में भर सकते हैं। यदि पाइप P को अकेले 15 घंटे के लिए खोला जाता है और फिर बंद कर दिया जाता है, जिसके बाद पाइप Q टंकी को पूरा भरता है, तो पाइप Q द्वारा भरे गए भाग के सापेक्ष पाइप P द्वारा टंकी का कितना प्रतिशत भरा गया है?

**Ans**
- ✗ A. 120%
- ✗ B. 150%
- ✓ C. 100%
- ✗ D. 50%

**Q.48** एक कक्षा के 24 विद्यार्थियों की औसत आयु 17 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 18 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्षों में) कितनी है?

**Ans**
- ✓ A. 42
- ✗ B. 43
- ✗ C. 44
- ✗ D. 45

**Q.49** यदि $\sin^2 x + K = 1$ है तो निम्न में से कौन-सा K के बराबर है?

**Ans**
- ✗ A. $\cot^2 x$
- ✗ B. $\sec^2 x$
- ✗ C. $\tan^2 x$
- ✓ D. $\cos^2 x$

**Q.50** एक विक्रेता ने किसी वस्तु पर 77% की छूट दी और फिर भी उसे 49% का लाभ प्राप्त हुआ। क्रय मूल्य और अंकित मूल्य का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 20 : 150
- ✓ B. 23 : 149
- ✗ C. 26 : 152
- ✗ D. 25 : 154

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.51** उत्तर दिशा की अभिमुख 25 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, संजय दाएं छोर से 7वें स्थान पर है। यदि अनु, संजय के बाएं तीसरे स्थान पर बैठी है, तो पंक्ति के बाएं छोर से अनु का स्थान कौन-सा है?

**Ans**
- ✗ A. 15 वां
- ✗ B. 17 वां
- ✗ C. 18 वां
- ✓ D. 16 वां

Q.52 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 593, 784, 358, 631, 296 (दाएं)

(उदाहरण: 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं करनी हैं।

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 10
- ✓ B. 13
- ✗ C. 14
- ✗ D. 17

Q.53 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ खरगोश, पंखे हैं।
कोई पंखा, कार नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कुछ खरगोश, कार हैं।
(II): कुछ पंखे, खरगोश हैं।

Ans
- ✓ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ C. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ D. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं

Q.54 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. EL - CJ
- ✗ B. NB - LZ
- ✗ C. AQ - YO
- ✓ D. DW - BV

Q.55 सात डिब्बे, B, D, E, P, S, T और W, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों।
W को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। W और B के बीच केवल तीन डिब्बे रखे गए हैं। P को W के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। B और S के बीच केवल D को रखा गया है। E को B के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।
P और E के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✓ D. पाँच

Q.56 निम्नलिखित संख्या शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 8 9 8 1 9 4 4 8 2 8 2 9 6 8 9 9 8 8 9 6 5 5 1 5 3 1 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 5
- ✓ C. 3
- ✗ D. 4

Q.57 प्रिया बिंदु A से चलना शुरू करती है और दक्षिण की ओर 32 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है, 31 km चलती है, फिर दाएं मुड़ती है और 43 km चलती है। फिर वह दाएं मुड़ती है और 54 km चलती है। अंत में वह दाएं मुड़ती है, 11 km चलती है और बिंदु P पर रुकती है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

Ans
- ✓ A. पश्चिम में 23 km
- ✗ B. पश्चिम में 21 km
- ✗ C. दक्षिण में 24 km
- ✗ D. पश्चिम में 22 km

Q.58 सात मित्र, B, C, D, T, U, V और W, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। T के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D के दाईं ओर केवल W बैठा है। D और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। B, U के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन V के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। V और U के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. MJO
- ✗ B. NKP
- ✓ C. RQP
- ✗ D. HEJ

Q.60 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दोनों युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

DBD−BZB
JHJ−HFH

Ans
- ✓ A. VTV−TRT
- ✗ B. VST−TRT
- ✗ C. VTV−SRS
- ✗ D. VST−SQS

Q.61 छह मित्र, G, H, I, Q, R और S, एक गोल मेज के परितः इसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Q, G के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। G, R के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। G और H के बीच केवल S बैठा है। I, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है। H के दाएं से गिनने पर H और I के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. चार
- ✗ C. तीन
- ✓ D. दो

Q.62 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक ग्रुप एक निश्चित तर्क के अनुसार अगले ग्रुप से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

**JOIN - OJIN - NOJI**
**MALE - AMLE - EAML**

Ans
✔ A. LION - ILON - NILO
✘ B. USER - SUER - SERU
✘ C. NEAR - NAER - RAEN
✘ D. PAGE - APGE - EAGP

Q.63 एक निश्चित कूट भाषा में, 'AMIE' को '9432' और 'SAME' को '4279' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✔ A. 7
✘ B. 2
✘ C. 4
✘ D. 9

Q.64 यदि संख्या 5341256 के प्रत्येक विषम अंक में 3 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से पहले और दाईं ओर से दूसरे अंकों का योगफल क्या होगा?

Ans
✔ A. 16
✘ B. 8
✘ C. 10
✘ D. 14

Q.65 संख्या 56378492 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे और दाएं से दूसरे अंकों का गुणनफल क्या होगा?

Ans
✘ A. 28
✔ B. 24
✘ C. 32
✘ D. 21

Q.66 दी गई श्रृंखला को देखें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं।) गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 6 7 2 3 7 3 8 1 7 2 8 6 3 6 8 9 9 3 9 5 6 1 5 1 7 8 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
✘ A. 5
✘ B. 8
✘ C. 7
✔ D. 6

Q.67 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

2, 27, 63, 112, 176, ?

Ans
✘ A. 259
✔ B. 257
✘ C. 258
✘ D. 256

**Q.68** दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

94 130 179 243 324 ?

**Ans**
- ✗ A. 423
- ✓ B. 424
- ✗ C. 425
- ✗ D. 426

---

**Q.69** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A & B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'K-TxR+Z&V' है, तो K का V से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✗ A. भाई की पत्नी के पिता
- ✗ B. पुत्र
- ✗ C. पति
- ✓ D. भाई की पत्नी का भाई

---

**Q.70** यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

78 P 3 R 15 Q 5 S 126 Q 3 S 117 Q 9 S 125 Q 5 = ?

**Ans**
- ✗ A. 332
- ✓ B. 311
- ✗ C. 351
- ✗ D. 384

---

**Q.71** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी जैक, हैमर हैं।
सभी जैक, कुंजी हैं।
सभी जैक, ड्रिलर हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी हैमर, ड्रिलर हैं।
(II) कुछ ड्रिलर, कुंजी हैं।

**Ans**
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

---

**Q.72** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर DRBH, SGQW से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार LZJP, AOYE से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से ESCI किससे संबंधित है?

**Ans**
- ✗ A. THDR
- ✗ B. THYU
- ✓ C. THRX
- ✗ D. THRE

Q.73 उस सेट का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएँ हैं।

(नोट: पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए, संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना। उदाहरणार्थ 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(55, 11, 5)
(36, 3, 12)

Ans
- ✗ A. (42, 15, 3)
- ✓ B. (65, 5, 13)
- ✗ C. (56, 14, 3)
- ✗ D. (70, 5, 16)

Q.74 O, P, Q, R, W, X और Y एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। W और Y के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Y के ठीक बाईं ओर पड़ोस में P बैठा है। Q के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। Q और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। O के ठीक दाईं ओर पड़ोस में X बैठा है। R और X के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

Q.75 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

ARB YVZ WZX UDV ?

Ans
- ✗ A. RHS
- ✗ B. RGT
- ✗ C. TGU
- ✓ D. SHT

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

YCG 87 IMQ 95 SWA 103 CGK 111 ?

Ans
- ✗ A. MRX 118
- ✗ B. MRT 119
- ✗ C. MPT 118
- ✓ D. MQU 119

Q.77 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 @ 3 $ 2 ! 1 6 ^ & 9 3 ! @ # 3 $ 5 + ! (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो दाएं से सातवें स्थान पर निम्नलिखित में से क्या आएगा?

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 6

Q.78 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

71 59 46 32 17 ?

Ans
- ✗ A. −1
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✓ D. 1

Q.79 एक निश्चित कूट भाषा में, 'SOUP' को '5179' और 'PACE' को '2418' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'P' का कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 9
- ✗ C. 7
- ✓ D. 1

Q.80 एक विद्यालय परिसर में, बिल्डिंग A, बिल्डिंग B के दक्षिण में है। बिल्डिंग E, बिल्डिंग B के पूर्व में है। बिल्डिंग D, बिल्डिंग A के पश्चिम में है। बिल्डिंग C, बिल्डिंग E के दक्षिण में है। बिल्डिंग B के सापेक्ष बिल्डिंग C की स्थिति क्या है?

Ans
- ✗ A. दक्षिण
- ✗ B. पश्चिम
- ✗ C. पूर्व
- ✓ D. दक्षिण-पूर्व

## Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 2025 में जाति जनगणना की मंजूरी से पहले, राष्ट्रीय स्तर पर जाति-आधारित आँकड़े एकत्र करने का अंतिम प्रमुख प्रयास किस प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था?

Ans
- ✗ A. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण, 2005
- ✗ B. भारत की जनगणना, 1971
- ✓ C. सामाजिक-आर्थिक एवं जाति जनगणना (SECC), 2011
- ✗ D. 2001 की आर्थिक जनगणना

Q.82 स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार 2025 के तहत शहरों को पुरस्कार किसने प्रदान किए?

Ans
- ✗ A. भारत सरकार के वित्त मंत्री
- ✗ B. भारत के प्रधान मंत्री
- ✗ C. भारत के राष्ट्रपति
- ✓ D. भारत सरकार के पर्यावरण मंत्री

Q.83 चैंपियंस ट्रॉफी की पारी के इतिहास में 165 रनों के साथ सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड किसने बनाया?

Ans
- ✗ A. इब्राहिम जादरान (Ibrahim Zadran)
- ✓ B. बेन डकेट (Ben Duckett)
- ✗ C. जोश इंगलिस (Josh Inglis)
- ✗ D. एलेक्स कैरी (Alex Carey)

Q.84 डिजिटल कॉन्टेंट क्रिएटर के रूप में, मोंक एंटरटेनमेंट (Monk Entertainment) के सह-संस्थापक एवं 2025 में एक प्रमुख हस्ती निम्नलिखित में से कौन हैं?

Ans
- ✗ A. संचित पाटिल
- ✗ B. जीत शाह
- ✓ C. रणवीर इलाहाबादिया
- ✗ D. अभिषेक मिश्रा

**Q.85** 26 जुलाई 2025 को पाकिस्तान पर भारत की विजय के उपलक्ष्य में कौन-सा महत्वपूर्ण दिवस मनाया गया?

**Ans**
- ✗ A. गणतंत्र दिवस
- ✓ B. कारगिल विजय दिवस
- ✗ C. सीमा सुरक्षा दिवस
- ✗ D. स्वतंत्रता दिवस

**Q.86** दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित 7वें फ्यूचर फूड फोरम 2025 का मुख्य फोकस क्या था?

**Ans**
- ✗ A. डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से पर्यटन आधारित विकास को बढ़ावा देना
- ✗ B. वित्तीय समावेशन और फिनटेक सहयोग को मजबूत करना
- ✓ C. खाद्य सुरक्षा, व्यापार और नवाचार को बढ़ावा देना
- ✗ D. वैश्विक विनिर्माण नेटवर्क के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था का निर्माण

**Q.87** सितंबर 2025 में, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभ्यारण्य की किस रेंज को 2025-26 के पर्यटन सत्र के लिए सबसे पहले खोलने की घोषणा की गई थी?

**Ans**
- ✗ A. अगरातोली रेंज (Agaratoli Range)
- ✓ B. बागोरी रेंज (Bagori Range)
- ✗ C. कोहोरा रेंज (Kohora Range)
- ✗ D. बुरापहाड़ रेंज (Burapahar Range)

**Q.88** नवंबर 2025 में, राजनाथ सिंह द्वारा नई दिल्ली में उद्घाटित एक नये सुरक्षा केंद्र का नाम क्या है?

**Ans**
- ✓ A. डीपीएसयू भवन
- ✗ B. भारत रक्षा परिसर
- ✗ C. राष्ट्रीय रक्षा केंद्र
- ✗ D. रक्षा पीएसयू निलयम

**Q.89** भारत सरकार ने परमाणु ऊर्जा आयोग का पुनर्गठन कब किया, जिसमें टी.वी. सोमनाथन और मनोज गोविल को शामिल किया गया?

**Ans**
- ✗ A. नवंबर 2024
- ✓ B. जनवरी 2025
- ✗ C. दिसंबर 2024
- ✗ D. मार्च 2025

**Q.90** फरवरी 2025 में अधिसूचित, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में निर्माण श्रमिकों के लिए भारत की पहला वायु गुणवत्ता सूचकांक-आधारित पैरामीट्रिक बीमा निम्नलिखित में से किस कंपनी ने शुरू किया?

**Ans**
- ✓ A. गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (Go Digit General Insurance Limited)
- ✗ B. टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस (Tata AIG General Insurance)
- ✗ C. नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (National Insurance Company Limited)
- ✗ D. स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस (Star Health and Allied Insurance)

**Q.91** अक्टूबर 2024 में, निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने हेल्पलाइन, वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप सहित कई चैनलों के माध्यम से शिकायतों को नियंत्रण के लिए एक व्यापक केंद्र के रूप में कार्य करने के लिए भारत का पहला एकीकृत राज्य-स्तरीय साइबर कमांड और नियंत्रण केंद्र लॉन्च किया?

**Ans**
- ✗ A. छत्तीसगढ
- ✓ B. महाराष्ट्र
- ✗ C. केरल
- ✗ D. हरियाणा

Q.92 फरवरी 2025 में किस शहर ने प्रतिष्ठित मिशेलिन गाइड पुरस्कारों की मेजबानी की?

Ans
- ✗ A. कार्डिफ, वेल्स
- ✗ B. एडिनबर्ग, स्कॉटलैंड
- ✓ C. ग्लासगो, स्कॉटलैंड
- ✗ D. बर्मिंघम, इंग्लैंड

Q.93 11 जून 2025 तक, पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने शहीदों के परिवारों के लिए रक्षक प्लस स्कीम के तहत लगभग कितनी सहायता प्रदान की?

Ans
- ✓ A. ₹17 करोड़
- ✗ B. ₹37 करोड़
- ✗ C. ₹27 करोड़
- ✗ D. ₹7 करोड़

Q.94 जयपुर में आदर्श स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स किसने विकसित किया जिसका उद्घाटन अप्रैल 2025 में किया गया?

Ans
- ✗ A. जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA)
- ✓ B. जयपुर नगर निगम - ग्रेटर (JMC-G)
- ✗ C. राजस्थान खेल प्राधिकरण
- ✗ D. युवा मामले और खेल मंत्रालय

Q.95 अक्टूबर 2025 में शुरू की गई किस छात्र-नेतृत्व वाली राष्ट्रीय केस प्रतियोगिता का उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और SDG 2 (जीरो हंगर) और SDG 3 (अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण) को बढ़ावा देना है?

Ans
- ✗ A. विकसित भारत चैलेंज (Viksit Bharat Challenge)
- ✗ B. उड़ान – एजुकेशन फॉर ऑल (Udaan – Education for All)
- ✓ C. युक्ति – न्यूट्रिशन निर्माण (Yukti – Nutrition Nirmaan)
- ✗ D. स्वस्थ इंडिया मिशन (Swasth India Mission)

Q.96 अप्रैल 2025 में, किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने 171 मिलियन लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में भारत की उपलब्धि को स्वीकार किया?

Ans
- ✗ A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
- ✗ B. एशियाई विकास बैंक
- ✗ C. संयुक्त राष्ट्र
- ✓ D. विश्व बैंक

Q.97 जनवरी 2025 में, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने किस शहर में खेल महाकुंभ 3.0 का उद्घाटन किया?

Ans
- ✗ A. सूरत
- ✓ B. राजकोट
- ✗ C. अहमदाबाद
- ✗ D. वडोदरा

Q.98 बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में निम्नलिखित में से किस दल ने 5 सीटें जीतीं?

Ans
- ✗ A. लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास)
- ✗ B. बहुजन समाज पार्टी
- ✗ C. जनता दल (यूनाइटेड)
- ✓ D. हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर)

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 (Senior Asian Wrestling Championship 2025) कहाँ आयोजित की गई थी? | |
| Ans | ✔ A. जॉर्डन (Jordan) | |
| | ✘ B. उज़्बेकिस्तान (Uzbekistan) | |
| | ✘ C. कतर (Qatar) | |
| | ✘ D. सऊदी अरब (Saudi Arabia) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | जून 2025 में भारत के किस केंद्र शासित प्रदेश में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल आर्च ब्रिज का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था? | |
| Ans | ✘ A. लद्दाख | |
| | ✘ B. चंडीगढ़ | |
| | ✘ C. नई दिल्ली | |
| | ✔ D. जम्मू और कश्मीर | |

"